# फिल्टर प्लांट का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, देखी जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया

## इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई त्रासदी के बाद एक्शन में सरकार

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** दूषित पानी पीने से इंदौर में हुई मौतो के बाद सरकार द्वारा लगातार एक्शन लिया जा रहा है। तो वहीं नगरपालिका द्वारा प्रदाय किये जा रहे पानी को लेकर लगातार निरीक्षण और जल शुद्धीकरण के लिए प्रयास किये जा रहे है। इसी कड़ी में सोमवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, ग्वालियर के कार्यपालन यंत्री हरीश बाबू शाक्यवार एवं सहायक यंत्री राजीव पांडे द्वारा नगर पालिका परिषद अशोकनगर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था एवं फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने फिल्टर प्लांट की कार्यप्रणाली, जल शुद्धिकरण प्रक्रिया एवं पेयजल वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध



कराने के उद्देश्य से पानी की गुणवत्ता जांच हेतु सैंपल भी लिए गए। साथ ही अधिकारियों द्वारा संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा जल आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाए रखने पर जोर दिया गया। गौरतलब है कि शहर के अधिकांश भाग में पाईप लाइन नहीं है, तो वहीं जिन स्थानों पर पाईप लाइन है वह से घरों पर पानी पहुंचाने के लिए लोगों द्वारा नालियों में से पाईप निकाल रखे है, जो कि नाली के गंदे पानी से खराब हो रहे है, तो वहीं फूटी पाईपलाइन से पानी दूषित हो रहा है।

## शुद्ध जल प्रदाय के लिए नपाध्यक्ष ने ली बैठक, दिये निर्देश

**बैठक में लीकेज सुधारने की कही बात**

**नालियों से गुजरने वाली पाइप लाइन की जाए चिन्हित**

**अशोकनगर।** नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में जल प्रदाय विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में पेयजल की स्वच्छता सुनिश्चित करना और पाइपलाइन के रखरखाव को और अधिक प्रभावी बनाना था।

स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जोर

बैठक के दौरान श्री मानोरिया ने स्पष्ट



निर्देश दिए कि शहर में कहीं भी पेयजल की पाइपलाइन नाली के अंदर से होकर नहीं गुजरनी चाहिए। इससे दूषित जल की आपूर्ति होने का खतरा बना रहता है। उन्होंने आदेश दिया कि सभी पाइपलाइनों को नाली से बाहर निकालकर क्लैम्प के माध्यम से दीवार पर सुरक्षित रूप से स्थापित किया जाए। इसके लिए नगर पालिका की सभी टीमें वार्डों में गहन सर्वे करें। जहां कहीं भी पाइपलाइन में लीकेज पाया जाए, उसे तत्काल प्रभाव से ठीक किया जाए ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके।

**बैठक में ये रहे उपस्थित:**

इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से पार्षद महेंद्र भारद्वाज, डॉ. जयमंडल यादव, गीता आर्य,आशुतोष देवलिया जी एवं पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार यादव नगेश्री उपस्थित रहे। वहीं प्रशासनिक स्तर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान सहित नगर पालिका की पूरी जल प्रदाय टीम मौजूद रही। सीएमओ ने अध्यक्ष के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया।

## एक नजर में



### पटवारी संघ ने किया कंबलों का वितरण

अशोकनगर। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए पटवारी संघ द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत एक सराहनीय पहल की गई है। जिसके चलते विगत दिवस पटवारी संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य आदिवासी ग्राम सुमेर चक्क पहुंचे और जरूरतमंद परिवारों एवं बच्चों के बीच ठंड से राहत देने के लिए कंबल वितरण किये, तो वहीं बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किए। साथ ही बच्चों को गर्म कपड़े, मौसमी फल और बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में भीषण ठंड का दौर जारी है, ऐसे में समाज के उन वर्गों की मदद करना हमारा कर्तव्य है जो आर्थिक अभाव के कारण गर्म कपड़े खरीदने में असमर्थ हैं। इस अवसर पर पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष निर्मल सिंह रघुवंशी, मनीष सेन, राजेश नामदेव एवं तहसील अध्यक्ष अरविंद पटेल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### आचार्यश्री को किया श्रीफल भेंट

**मुंगावली।** दिगम्बर जैन पंचायत की नव निर्वाचित कमेटी ने शनिवार को नरसिंहपुर पहुंचकर आचार्यश्री समय सागर महाराज संसघ को श्रीफल भेंट कर मंगल आशीर्वाद लेते हुए शीत कालीन वाचना के लिए आग्रह किया। वही इसके अलावा बीना बारह से रहली की तरफ विहार कर रहे निर्यापक मुनिश्री अभय सागर महाराज संसघ से ग्राम चांदपुर में मंगल आशीर्वाद लिया और शीत कालीन वाचना के लिए समस्त मुनि संघ से निवेदन किया गया।

## किशोरी की मौत पर परिजनों ने किया चक्काजाम

### शव लेकर कलेक्ट्रेट के लिए किया पैदल मार्च, पुलिस ने रास्ते में ही रोका

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** देहात थाना क्षेत्र में एक 12 वर्षीय लापता किशोरी का शव मिलने के बाद परिजनों और समाज के लोगों ने सोमवार को प्रदर्शन करते हुए ईसागढ़ रोड स्थित टोल टैक्स पर चक्काजाम कर दिया, तो वहीं न्याय की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट की ओर पैदल मार्च करने लगे, जिसे पुलिस ने बीच रास्ते में ही रोक दिया। इसके बाद मौके पर पहुंचे समाज के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर से मुलाकात कर न्याय की मांग की, तो वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले में निष्पक्ष जांच आरोपी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया।

दरअसल 12 वर्षीय सुमन पुत्री विजय बाल्मिक निवासी महिदपुर जो वर्तमान में तुलसी सरोवर कॉलोनी में दादा-दादी के यहां रह रही थी। वह 29 दिसंबर को घर से लापता थी, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज की थी। रविवार को उसका शव खिरिया



महू गांव के एक कुएं पर मिला था।

**पहले किया चक्काजाम, फिर पैदल किया पैदल मार्च :**

किशोरी के शव मिलने की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में परिजन और समाजजन एकत्रित हो गए और न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे, इस दौरान सभी ने शव रखकर टोल नाके पास चक्काजाम किया। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाइस दी गई। लेकिन वह नही माने और इसके बाद वह अर्थी लेकर कलेक्ट्रेट तक मार्च करने लगे, जिसे पुलिस ने राजमाता चौराहे समीप रोक लिया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे परिजनों ने बताया कि पुलिस केवल परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रही है, जबकि उस व्यक्ति का पता नहीं लगा पा रही है जो किशोरी को ले गया था। उन्होंने हत्या के आरोपी का पता लगाने और न्याय दिलाने की मांग को लेकर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से मिले, जहां पर प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजनों और राजनैतिक संगठन के लोगों को आश्वासन दिया कि आरोपी को किसी भी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा।





## अहिरवार समाज की बैठक में समाज में फैली कुरीतियां मिटाने पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** अहिरवार समाज संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष रवि मोहने के निवास विगत दिवस आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, सर्व समाज के साथ भाईचारा स्थापित करने तथा समाज की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने हेतु आय के नए स्रोत उत्पन्न करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर संगठन के 10 प्रकोष्ठों के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। वहीं बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने संघ की विचारधारा पर चलने, सभी धर्मों का सम्मान करने, बुजुर्गों के अनुभवों से मार्गदर्शन प्राप्त कर समाज में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखने की शपथ ली।

**पदाधिकारियों का किया सम्मान:**

अहिरवार समाज संघ के जिला अध्यक्ष रवि मोहने द्वारा सभी बुजुर्गों एवं पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मोहर सिंह चौधरी को जिला कोषाध्यक्ष तथा कन्हैया राम अहिरवार को जिला सचिव नियुक्त किया गया।

## नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई प्रारंभ

**आरओ और ईआरओ कर रहे सुनवाई**

**पहले दिन पहुंचे आधा दर्जन से अधिक लोग**

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत नो मेपिंग वाले मतदाताओं को ईआरओ, एईआरओ द्वारा जारी नोटिस की सुनवाई प्रारंभ हो गई है। जिसके चलते जिले की अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर की अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकण अधिकारी शुभ्रता त्रिपाठी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2026 के जारी कार्यक्रम के अनुसार संबंधित बीएलओ द्वारा जिन मतदाताओं की वर्ष 2003 की



जानकारी प्राप्त नहीं हुई थी उन्हे बीएलओ द्वारा बीएलओ एप्प के माध्यम से नो मेपिंग में दर्ज किया गया था। जिन्हें ईआरओ, एईआरओ द्वारा ईसीआई पोर्टल के माध्यम से अपना नाम निर्वाचक नामावली में बनाये रखने हेतु सुनवाई की तिथि एवं समय का निर्धारण कर ऑनलाईन नोटिस जनरेट कर जारी किये गये थे। जिन्हें मतदाता के बीएलओ द्वारा मतदाता के गृह/निवास पर मतदाता स्वयं को या माता-पिता /भाई/ वहन/अन्य को तामील कराया जाकर नोटिस की पावती /रसीद पर उसके हस्ताक्षर करवाकर एवं नोटिस प्राप्त कर्ता की फोटो एप्प पर अपलोड़ की गई थी। जिन्हे आयोग द्वारा निर्धारित 13 सांकेतिक दस्तावेजों में से एक एवं अधिकतम चार दस्तावेज सुनवाई के दौरान प्रस्तुत करने होगें। इसी क्रम में सोमवार को ऐसे मतदाताओं की सुनवाई प्रारम्भ की गई है। जिसमें कार्यालय अनुविभागीय न्यायालय कक्ष अनुभाग अशोकनगर में सुनवाई हेतु उपस्थित मतदाताओं की संख्या 29, कार्यालय तहसीलदार न्यायालय कक्ष तहसील अशोकनगर में उपस्थित मतदाताओं की संख्या 20, कार्यालय तहसीलदार न्यायालय कक्ष तहसील शाढौरा में उपस्थित मतदाताओं की संख्या 20 एवं कार्यालय नायब तहसीलदार वृत्त राजपुर में उपस्थित मतदाताओं की संख्या 15 रही। शेष अनुपस्थित मतदाताओं को अंतिम अवसर प्रदान कर पुन: सुनवाई की तिथि का निर्धारण कर सूचित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रत्येक ईआरओ/एईआरओ की सुविधाओ का ध्यान है।

## कोतवाली पुलिस ने पकड़ा यूपी का सुपारी किलर

**5 लाख की सुपारी लेकर आया था शहर में हत्या करने, पुलिस ने किया गिरफ्तार**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कोतवाली पुलिस ने उत्तरप्रदेश के सार्प शूटर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दरअसल यह सार्प शूटर एक सुपारी किलर है, जो शहर में जगीरा उर्फ राजकुमार यादव की हत्या करने के लिए आया था, जिसके बदले उसने पांच लाख रूपये की सुपारी ली थी।

इस सबंध में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा सोमवार को प्रेस वार्त आयोजित की गई और इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सार्प शूटर अयोध्या



निवासी कपिल दुबे शहर में जगीरा के लिए मारने के लिए आया था, लेकिन इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने उसे भसुया मंडी से गिरफ्तार कर लिया। तोव हीं शूटर को बुलाने वाले मुख्य आरोपी संजीव यादव दमदमा को भी गिरफ्तार किया गया है। दरअसल संजीव ने इस शूटर को ललितपुर के जीतू गुप्ता के माध्यम से संपर्क किया था। जीतू गुप्ता की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की एक टीम उत्तरप्रदेश रवाना हो गई है।

**चार महीने पहले जेल से छूटा था शूटर:**

पुलिस द्वारा पकड़े गए शूटर कपिल दुबे का आपराधिक रिकार्ड भी सामने आया है। वह एक कुख्यात गैंगस्टर अंशु दीक्षित की गैंग का सदस्य रहा है। पूर्व में डबल मर्डर के एक मामले में फरार रहते हुए उसने भोपाल में उत्तरप्रदेश एसटीएफ और भोपाल क्राइम ब्रांच पुलिस पर जानलेवा हमला किया था। इस घटना में एसटीएफ के उपनिरीक्षक संदीप मिश्रा और भोपाल क्राइम ब्रांच के आरक्षक राघवेंद्र पांडे को गोलियां लगी थीं। कपिल दुबे इस मामले में 10 साल की सजा काटकर चार महीने पहले ही जेल से छूटा था।

**संजीव और जगीरा में चल रहा है विवाद:**

पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि संजीव यादव दमदमा और जगीरा उर्फ राजकुमार यादव के बीच काफी लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। तो वहीं दोनों ही आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं और उनके खिलाफ कई केस पुलिस थानों में दर्ज हैं। अशोकनगर में यह पहला मामला है जब किसी की हत्या के लिए सुपारी किलर को बुलाया गया था।

**उपलब्धि**

**विदेशी मेहमानों ने देखे महल और बावड़ी, स्थानीय व्यंजनों का उठाया लुत्फ**

## कोरोना त्रासदी के पांच साल बाद चंदेरी घूमने आए ऑस्ट्रेलिया के पर्यटक

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** कोरोना त्रासदी के लगभग पांच साल बाद विदेशी पर्यटक ऐतिहासिक नगदी पहुंचे, जहां उन्होंने महल, बाबड़ी, मजिस्द आदि का दीदार किया, तो वहीं स्थानीय लोगों के स्वागत से वह अभिभूत नजर आए। चंदेरी पहुंचे इन विदेशी सैलानियों में ऑस्टेलिया के सैलानी शामिल थे।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2000 में ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित इंट्रेपिड टूर कंपनी द्वारा चंदेरी को अपने अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर शामिल किया गया था। उस समय से लेकर कोविड महामारी के पूर्व तक कंपनी नियमित रूप से अपने विदेशी पर्यटक समूह चंदेरी भेजती रही। लेकिन कोविड-19 महामारी के कठिन दौर में यह सिलसिला बाधित हो गया था और लगभग पांच वर्षों तक चंदेरी विदेशी पर्यटकों की आवाजाही



से वंचित रही। लंबे अंतराल के बाद अब इंट्रेपिड टूर कंपनी के टूरिस्ट ग्रुप दिल्ली, आगरा, चंदेरी, ओरछा, प्रयागराज, बनारस , लुंबनी होते हुए नेपाल जायेंगे । इनका पुन: चंदेरी आगमन होना पूरे नगर के लिए अत्यंत खुशी और गर्व की बात है। पहले ग्रुप में नौ पर्यटक, हॉलेंड, इंग्लैंड, और ऑस्ट्रेलिया से आए हैं । विदेशी पर्यटकों के आगमन से चंदेरी की गलियां, किले, बाजार और विरासत स्थल एक बार फिर जीवंत होते नजर आए। इस अवसर पर इंटेक चेप्टर चंदेरी के संयोजक अरुण सौमानी एवं इंटेक के सदस्यों द्वारा पर्यटकों का पारंपरिक और आत्मीय स्वागत किया गया। चंदेरी की अतिथि-सत्कार की परंपरा को जीवंत रखते हुए पुष्पमालाएं और सुलेख में नाम कार्ड देकर स्थानीय संस्कृति के माध्यम से पर्यटकों का अभिनंदन किया गया।

विदेशी मेहमानों ने देखी चंदेरी की धरोहर:

पर्यटकों को कल्ले भाई ने चंदेरी की विश्वविख्यात हेरिटेज, कीर्ति दुर्ग , जौहर स्मारक, बैजूबाबरा का स्मारक , खूनी दरवाज़ा, बावड़ियां, श्री शनिदेव नवग्रह मंदिर , जामा मस्जिद, राजमहल, पुराना सदर बाज़ार, ढोलिया गेट , डी ई एफ, हथकरघा उद्योग और चंदेरी साड़ियों की बारीक बुनाई से अवगत कराया । स्थानीय कारीगरों द्वारा किए जा रहे पारंपरिक कार्यों को देखकर विदेशी पर्यटक अत्यंत प्रभावित हुए और उन्होंने चंदेरी की कला एवं शिल्प की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे अभिमन्यु नरूका, जो ग्रुप के लीडर थे जिनके साथ हेलन बैरी, क्रिस्टोफर बैरी, फ्योना विंटर, लियोनी रैनर , शॉन विलियमसन, शार्ली विलियमसन, मार्क व्हील्डन, सेसिल ब्लेंच, डेविड शार्प आए थे उनकी विशेष भूमिका रही। इंट्रेपिड कंपनी के केंद्रीय कार्यालय जिनके अथक प्रयासों, निरंतर संवाद और सकारात्मक पहल के कारण इंट्रेपिड टूर कंपनी के ग्रुप का चंदेरी में पुन: आगमन संभव हो सका। नगर के प्रबुद्धजनों एवं पर्यटन से जुड़े लोगों ने उनके योगदान की सराहना की।


//विज्ञप्ति//

**कार्यालय तहसीलदार तहसील शाढौरा जिला अशोकनगर म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक 0637/अ-6/2025-26

कृष्णा भदौरिया ना.बा.पुत्र श्री वीरेन्द्र भदौरिया सर.पर. पिता वीरेन्द्र सिंह पुत्र शंकर सिंह भदौरिया निवासी कूंजडा मोहल्ला वार्ड नं. 12 शाढौरा तहसील शाढौरा जिला अशोकनगर

//बनाम//

सर्व साधारण----------

अनावेदक

सर्व साधारण के लिये जानकारी के लिये प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा भदौरिया ना. बा. पुत्र श्री वीरेन्द्र भदौरिया सर.पर. पिता वीरेन्द्र सिंह पुत्र शंकर सिंह भदौरिया निवासी कूजडा मोहल्ला वार्ड नं. 12 शाढौरा तहसील शाढौरा जिला अशोकनगर द्वारा भूमि ग्राम मुहाल मिलक शाढौरा स्थित सर्वे क्रमांक 1242 रकवा 0.010 हे., 2478 रकवा 0.471 हे., 2500 रकवा 1.254 हे. कुल किता 03 कुल रकवा 1.735 हे. भूमि का वसीयतनामा के आधार पर नांमातरण किये जाने हेतु प्रकरण इस न्यायालय के शीर्ष अ-6 सरल 0637 वर्ष 2025-26 में पंजीबद्ध होकर प्रचलित है। जिसमें फौत कृषक पानबाई वेवा शंकरसिंह जाति भदौरिया के वारिसानों की सहमति हेतु नियत किया गया है जिसमें आगामी सुनवाई नियत दिनांक 12/01/2026 को की जावेगी।

अत: उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति विशेष को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति नियत दिनांक तक स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है। म्याद अवधि गुजरने के बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह विज्ञप्ति मेरी पद मुद्रा हस्ताक्षर से आज दिनांक 05/01/2026 को जारी की गई।

**तहसीलदार**
**तहसील शाढ़ौरा**